डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.in

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 106 | पृष्ठ 8 | मन्दसौर | शुक्रवार 26 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया

## कार से मिली अवैध शराब, एक गिरफ्तार

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वायडी नगर पुलिस ने एक कार से शराब जब्त की है। मामले में एक आरोपी को



गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुल्तानपुरा फंटा पर एक सेंट्रो कार एमपी 14 एचई 7263 को रोककर तलाशी ली गई। जिसमें बीयर की 36 बोतल और देशी मसाला शराब के 450 क्वार्टरजब्त किए गए है। पुलिस ने मामले में राहुल पिता बगदीराम डांगी निवासी पाड़ल्या लालमुहा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34/2 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।




# डोडाचूरा है या लहसून का बोरा..?

## पांच तस्कर लेकर चल रहे थे छह डोडाचूरा के बोरे

### भैसोदामंडी चौकी पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में




**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वैसे तो अंधेरे में तस्करों के पुलिस को चकमा देकर भागने की खबरें कई बार सुनने को मिलती है। लेकिन, इस बार भैसोदामंडी चौकी पुलिस ने एक दिन पहले पांच डोडाचूरा तस्करों को पकड़ा। पांच तस्कर छह बोरे में डोडाचूरा लेकर पैदल चल रहे थे। मानो कोई मादक पदार्थ नहीं, बल्कि लहसून का बोरा हो। पुलिस की कार्रवाई में पुलिस द्वारा जारी किया गया फोटो ही कई सवाल खड़े कर रहा है। जिसमें डोडाचूरा के साथ तस्कर नजर आ रहे हैं।

### छह बोरे, पांच तस्कर...

पुलिस के अनुसार मालीपुरा कच्चे रास्ते से भवानी मंडी स्टेशन की तरफ पांचों तस्कर आते हुए पुलिस को नजर आए। इनके हाथ में बासठ किलो वजन के डोडाचूरा के छह कट्टे थे। मतलब एक कट्टे में दस किलो डोडाचूरा। गाय के सुखले की तरह डोडाचूरा भरने पर कट्टा फूल जाता है। एक व्यक्ति ज्यादा दूर तक एक कट्टा उठाकर नहीं चल सकता। इधर दो कट्टे उठाकर चलना तो किसी भी व्यक्ति के बस की बात नहीं है। पुलिस प्रेसनोट में कट्टों की संख्या का उल्लेख नहीं है। लेकिन, फोटो में साफ दिखाई दे रहा है कि छह कट्टों में डोडाचूरा भरा हुआ है।

### खुलेआम डोडाचूरा लेकर निकल रहे थे...

पुलिस के अनुसार डोडाचूरा लेकर पैदल ही तस्कर जा रहे थे। मंदसौर जिले में एक पेटी शराब लाईसेंसी दुकान से खरीदकर चलने में भी दस बार आम आदमी सोचता है। ऐसे में डोडाचूरा जैसी चीज खुलेआम कट्टे में भरकर तस्कर ले जा रहे थे। यह बात हजम नहीं होती। जिले से तस्करी के रूप में पंजाब डोडाचूरा सप्लाय होता है। जाहिर सी बात है कि डोडाचूरा पंजाब ही जा रहा होगा। ऐसे में तस्कर ट्रेन से खुलेआम डोडाचूरा के कट्टे ले जाने वाले थे या अन्य किसी संसाधन से इसे पंजाब ले जाया जा रहा था। इस सवाल का जवाब फिलहाल पुलिस के पास नहीं है।

### अंधेरे का फायदा भी तस्करों को...

कई मामले सामने आए है जिसमें पुलिस ने डोडाचूरा या अफीम जब्त कर ली। लेकिन, रात के अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर फरार हो गए। यह कहानी भी स्वीकार करना थोड़ा मुश्किल है। ऐसे मामलों में पुलिस के अनुसार योजनाबद्ध तरीके से प्रशिक्षित पुलिसकर्मी हथियारों के साथ दबिश देते हैं। दौड़ भाग या जंप का किसी प्रकार का कोई प्रशिक्षण नहीं लिए तस्कर पुलिस को देखकर भागते हैं। इसके बाद पुलिस पिछा करती है। लेकिन, ऐसे मामलों में पुलिस के अनुसार अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर भागते हैं। मतलब अंधेरे का लाभ स्थानीय पुलिस वालों को नहीं मिलता। जबकि, अंधेरे में अप्रशिक्षित तस्करों को सबकुछ दिखाई दिया और फरार हो गए। इसके बाद न कोई नाकाबंदी और न ही किसी सीसीटीवी फूटेज में तस्कर आए। इस तरह की अधिकतर कहानी भी समझ के बाहर ही होती है।

### ढाबों पर काम करने वाले कर्मचारी रिटेलर...

पहले ढाबों पर डोडाचूरा ट्रक चालकों को बेचने की कई चर्चाएं सामने आया करती थी। लेकिन, शराब ढाबों पर परोसे जाने की खबरों के बाद पुलिस लगातार जांच पड़ताल कर रही है। शराब के मामले में कोई बड़ा केस नहीं बनता है। लेकिन, डोडाचूरा के मामले में बड़ी धराओं में केस दर्ज होता है। यहीं कारण है कि ढाबों पर अब डोडाचूरा मिलने की चर्चाएं कम हो गई है। लेकिन, पुलिस सूत्रों के अनुसार ढाबों पर काम करने वाले कर्मचारियों या पूर्व कर्मचारियों की ट्रक चालकों से खासी पहचान हो चुकी है। अब यहीं कर्मचारी ट्रक चालकों को डोडाचूरा उपलब्ध कराते हैं।

### क्यों करते हैं डोडाचूरा का नशा...

लोग मंदसौर से इंदौर तक जाने में ही पीठ दर्द की शिकायत करने लग जाते हैं। लेकिन, ट्रक चालक 16-16 घंटे बिना रुके ड्राईव करते हैं। डोडाचूरा का पाउडर पीने से नींद और थकान को महसूस नही होने देता। नींद और थकान दूर होने की वजह से हाईवे पर लंबा सफर करने वाले ट्रक ड्राइवर डोडाचूरा के आदी हो जाते हैं। दिल्ली, लखनऊ और मथुरा हाईवे पर तमाम ऐसे ढाबे हैं जहां लोग सिर्फ डोडाचूरा का पाउडर पीने रुकते हैं। इसके अलावा कुछ समय पहले यूपी पुलिस ने डोडाचूरा तस्करों को पकड़ा था। जिसमें सामने आया कि सड़कों पर अक्सर तंबू लगाकर देशी दवाओं के जरिये सेक्स समस्याओं का समाधान करने वाले हकीम भी डोडा पाउडर के बड़े खरीदार हैं। तस्करों के मुताबिक सेक्स वर्धक जड़ी-बूटी बताकर लोगों को डोडा से बनी दवा थमा दी जाती है। तमाम लोग इसका डोडा के चूर्ण का नशे के लिए काढ़ा बनाकर भी इस्तेमाल करते हैं। जिले और आसपास भी कई ऐसे नीम हकीम तंबू लगाकर डेरा डालते देखे जा सकते हैं।

## मंदसौर में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा करेंगे ध्वजारोहण

### जिलास्तरीय कार्यक्रम कालेज मैदान में आयोजित होगा

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के मुख्य कॉलेज मैदान में



26 जनवरी गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। सुबह 9 बजे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। गुरुवार को कॉलेज ग्राउंड में परेड की फाइनल रिहर्सल की गई। फाइनल परेड का निरीक्षण कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया, अपर कलेक्टर विशालसिंह चौहान ने किया। तय कार्यक्रम अनुसार 26 जनवरी को सुबह 8.55 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा व राष्ट्रगान की धुन बजाई जाएगी। सुबह 9 बजकर 5 मिनट पर मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे।

### आकर्षक रोशनी में सजे शासकीय भवन...

26 जनवरी की शाम को जिले के सभी शासकीय भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर आकर्षक रोशनी की जाएगी। कलेक्टर यादव ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों से कहा है कि वे अपने जिला कार्यालयों व अधीनस्थ संस्थान भवनों में 26 जनवरी की शाम आकर्षक रोशनी करवाएं। उन्होंने निजी संस्थाओं से भी अपील की है कि वे भी अपने संस्थान भवनों मे 26 जनवरी की शाम को आकर्षक रोशनी करें। गणतंत्र दिवस पर फहराया जाने वाला राष्ट्रीय ध्वज साफ-सुथरा ही हो। राष्ट्रीय ध्वज संबंधी आवश्यक तैयारी समारोह के पहले ही कर ली जाए। जिलाधिकारी राष्ट्रध्वज फहराए जाने के संबंध में ध्वज संहिता का पूर्णरूपेण पालन करें तथा अपने अधीनस्थ संस्थाओं, कार्यालयों के अधिकारियों-कर्मचारियों को भी इस संबंध में निर्देशित करें।

# मूर्ति लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद

## पत्थरबाजी, आगजनी, तोड़फोड़

### एएसआई सहित नगर सैनिक घायल, एक दो पहिया वाहन जला





**उज्जैन, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले की माकडोन राजस्व तहसील मुख्यालय पर गुरुवार सुबह मूर्ति लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इसमें जमकर पत्थरबाजी हुई है। कुछ वाहनों में उपद्रवियों ने आग लगा दी। एक पक्ष द्वारा यहां लगाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा को दुसरे पक्ष ने ट्रैक्टर से गिराने के बाद विवाद उपजा। विवाद मैं पाटीदार एवम मालवीय समाज के बीच पत्थरबाजी हुई। पुलिस ने पहुंचकर पत्थर बाजों को बलपूर्वक खदेडा। सूचना मिलने पर एसपी सचिन शर्मा एवं कलेक्टर नीरज कुमार सिंह भी घटनास्थल पहुंचे थे।

एएसपी ग्रामीण नितेश भार्गव ने बताया कि माकडोन के मंडी गेट और बस स्टैंड के बीच की खाली जमीन पर मूर्ति लगाने का विवाद है। आसपास के मालवीय समाज के लोग इस स्थान पर डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाना चाहते हैं। पाटीदार समाज सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा लगाना चाहता है। गुरूवार सुबह एक पक्ष ने यहां सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित कर दी , जिसे दुसरे पक्ष ने पहुंचकर ट्रेक्टर से गिरा दिया और लोहे की राड मारकर उसे तोड दिया। इस दौरान कुछ महिलाएं एवं युवतियों ने भी मुर्ति पर पत्थर बरसाए ,दुसरे पक्ष पर भी पथराव किया। यहीं से दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी शुरू हो गई। उपद्रवियों ने आसपास खडे वाहनों में आग लगाने की कोशिश की जिसमें एक दो पहिया वाहन जल गया। आसपास की दुकानों पर भी पत्थर बाजी की गई है। घटनास्थल पर पहुंचे माकडौन थाना पुलिस पर भी पथराव कर दिया गया। इसमें एएसआई लालचंद शर्मा को सिर में और नगर सैनिक रमेश शर्मा को भी चोंट लगी है। सूचना पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस बल ने दोनों पक्षों के उपद्रवियों को बल पूर्वक खदेड दिया। मामले में त्वरित कार्रवाई न करने पर थाना प्रभारी भीमसिंह देवडा को एसपी सचिन शर्मा ने निलंबित किया है। एएसपी भार्गव ने बताया कि माकडौन थाना के आरक्षक कृपाशंकर की रिपोर्ट पर पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा, बलवा सहित अन्य धाराओं में नामजद कमल कुमार, सिंगाराम, श्याम सहित अन्य 30 से अधिक लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। 17-18 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। दोनों पक्षों के लोगों के आवेदन लेकर जांच की जा रही है विडियो फुटेज के आधार पर सभी पर प्रकरण दर्ज किए जाएंगे। मुर्ति ट्रेक्टर से गिराने के दौरान जमकर जय भीम की नारेबाजी किए जाने को लेकर एएसपी भार्गव का कहना था कि मामले में भीमआर्मी की संलिप्तता अभी तक की जांच में सामने नहीं आई है। पथराव में एक महिला एवं एक युवक के घायल होने के अपुष्ट जानकारी सामने आई है दोनों में से एक भी न तो अस्पताल पहुंचा है और नहीं पुलिस थाना पहुंचकर ही कोई शिकायत दर्ज करवाई गई है। क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया है। शहर में दोपहर में बाजार की दुकानें खुली रही। स्थिति नियंत्रण में और शांतिपूर्ण है।




### गणतंत्र दिवस की बधाई, शुभकामनाएं

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की सभी सुधी पाठको, विज्ञापनदाताओ, शुभचिंतको को ढेर सारी बधाई। अपना देश निरंतर तरक्की करें, उन्नती करें, ऐसी मंगलकामनाएं...।

–संपादक

### अवकाश सूचना

आज 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर दैनिक गुरु एक्सप्रेस कार्यालय का अवकाश रहेगा। इसलिए कल 27 जनवरी शुक्रवार को गुरु एक्सप्रेस का प्रकाशन स्थगित रहेगा। रविवार को पुनः मिलेंगे।

–संपादक









# सुशासन भवन में मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस



**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा सुशासन भवन में जिला अधिकारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाताओं को फोटोयुक्त पहचान पत्र (ईपिक कार्ड) भी वितरित किए गए। इस दौरान मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध, चित्रकला, स्लोगन व वादविवाद प्रतियोगिताओं के प्रथम तीन विजेताओं को पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा भेजे गये विडियों संदेश को देखा एवं सुना। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री विशाल सिंह चौहान, जिलाधिकारी, युवा मतदाता मौजूद थे।

मध्यप्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने का सिलसिला वर्ष 2011 से प्रारंभ हुआ है। अन्य राज्यों की तरह मध्यप्रदेश में भी लोकतंत्र के इस पवित्र उत्सव को प्रतिवर्ष 25 जनवरी को पूरे उत्साह और उमंग के साथ राज्य, जिला एवं प्रत्येक मतदान केन्द्र स्तर पर मनाया जाता है। लोकतंत्र को मजबूत करने और मतदाता जागरूकता के लिये आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में सभी वर्ग के लोग भाग लेते हैं। मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन का यह 14 वा अवसर है। मध्यप्रदेश के मतदाताओं को ईवीएम की विश्वसनीयता और पारदर्शिता से अवगत करवाया गया है। ईवीएम के साथ वीवी पैट के उपयोग की जानकारी मतदाताओं को देने के लिये भी व्यापक पहल की गई है। मतदाता दिवस के अवसर पर ली गई शपथ- हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## पत्नी को पीटा, पति पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पत्नी को पीटने वाले पति पर पुलिस ने केस दर्ज किया। मल्हारगढ निवासील जाफरान ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे पति सद्दाम शाह ने कहा कि मोबाइल पर बात क्यों करती है, कहते हुए गाली-गलौज की व मारपीट की। जिससे मूह, गर्दन, हाथ, कलाई व कमर में चोंट आई। पुलिस ने आरोपी पति पर केस दर्ज किया।

## गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह स्थल पर नया भारत, नया विधान प्रदर्शनी आयोजित

**नीमच, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 नीमच के परिसर में जिला जनसंपर्क कार्यालय नीमच एवं जिला पुलिस नीमच द्वारा नया भारत नया विधान एवं विकास प्रदर्शनी लगाई गई है। नवीन कानून एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित इस प्रदर्शनी में नए कानून के प्रमुख प्रावधानों और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी को आकर्षक फ्लेक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। जनसंपर्क अधिकारी श्री जगदीश मालवीय एवं रक्षित निरीक्षक श्री विक्रम सिंह भदोरिया ने नागरिकों से इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने का आग्रह किया है।

## विक्रम विश्व विद्यालय की स्नातकोत्तर की परीक्षाएं कल से

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि विक्रम विश्वविद्यालय के संशोधित समय सारणी के अनुसार महाविद्यालय के समस्त स्नातकोत्तर विषयों की एम.ए., एम.कॉम., और एम.एस सी. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की सैद्धांतिक परीक्षाएं दिनांक 27 जनवरी 2024 से प्रात: 8:00 बजे से महाविद्यालय में प्रारंभ होगी। अत: विद्यार्थी संशोधित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित तिथि पर परीक्षा समय से आधा घंटा पूर्व अपने प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित हों। विश्वविद्यालय के परीक्षा संचालन नियमों के अनुसार परीक्षा-कक्ष में परीक्षार्थी को अपने साथ मोबाइल, किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं अनुचित साधन लाना पूर्णत: वर्जित है। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने कहा कि समस्त विद्यार्थीगण इस बात का विशेष ध्यान रखें।

# शिव पुराण जीवन मृत्यु का शाशवत सत्य है-उपाध्याय

**नीमच, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शिव पुराण जीवन मृत्यु का शाश्वत सत्य है। महादेव की भक्ति हमें सदैव निरोगी रखती है।श्री विश्वनाथ का नाम लेने से पाप दूर हो जाते हैं। महादेव सरलता से सब कुछ दे देते हैं महादेव को जल को चढ़ाने से यमराज की बाधा भी जीवन में नहीं आती है। संसार में महादेव सबसे सरल देवता है। यह कम भक्ति में ही जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं। महादेव की भक्ति प्रेम से करें तो सुख समृद्धि का फल देते हैं। यह बात पंडित प्रमोद उपाध्याय मनासा वाले ने कहीं। वे कुबरेश्वर महादेव महिला मंडल बगीचा नंबर 10 के तत्वावधान में आयोजित शिव पुराण की अमृत ज्ञान गंगा में बोल रहे थे ।उन्होंने कहा कि शिव की भक्ति ही जीवन का प्रमुख आधार है। हर हर महादेव का स्मरण करने से पाप और कष्ट मिटते हैं।शिवपुराण अमृत गंगा है इसके श्रवण करने से अनेक कष्ट दूर होते हैं। जो संसार में भक्ति पूजा पाठ आनंद के साथ जीता है मृत्यु के बाद उसे फिर आनंद ही मिलता है। शिव की भक्ति कल्याणकारी कारक है।माता पिता के चरणों में ही चारों तीर्थ होते हैं इसलिए माता-पिता की सेवा करना चाहिए।हमें किसी की निंदा नहीं करना चाहिए। नहीं किसी की निंदा सुनना चाहिए। सदैव अपने सत्कर्म करते रहना चाहिए तभी हमारा पुण्य कर्म बढ़ेगा और पुण्य कर्म बढ़ेगा तो हमारे जीवन का कल्याण होगा। लाखों रुपए के महल हो लेकिन मन में शांति नहीं हो तो सब कुछ बेकार हो जाता है।व्यक्ति को जीवन में 24 घंटे मृत्यु को सामने रखकर जीवन जीना चाहिए और सभी के साथ प्रेम से जीवन जीना चाहिए।हर कंकर में शंकर होता है कण-कण में भगवान होता है इसलिए बहन बेटी हो या भांजे भांजे हो सभी के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। बहन बेटी की सेवा पुण्य के योग्य होती है। धन का दान करने से सद्गति होती है।सत्कर्म को और धर्म को आगे बढ़ाए वही धर्मपत्नी होती है।.

**कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का जनसेलाब**-श्री कुबरेश्वर महादेव महिला मंडल बगीचा नंबर 10 परिवार एवं समस्त भक्तगण के तत्वाधान में क्षेत्र की खुशहाली एवं सुख समृद्धि के लिए श्री शिवपुराण कथाघ्य् का आयोजन किया जा रहा है। कथा कार्यक्रम की पावन श्रृंखला में 25 जनवरी गुरुवार सुबह 11 बजे नीमच सिटी स्थित श्री सांवरिया जी मंदिर से पूजा अर्चना व आरती के साथ मातृशक्ति द्वारा कलश अमृत जल पूजन के बाद भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिव कथा भक्ति पंडाल परिसर पहुंची जहां महाआरती के बाद अमृतप्रसाद वितरण किया गया।कलश यात्रा में मातृशक्ति लाल पीले परिधानों में अमृतजल कलश सिरोधार्य किए हुए पैदल चलायमान थी। कलश यात्रा में श्री शिव एवं कुबरेश्वर के विभिन्न भजन कीर्तन की स्वर लहरिया बिखर रही थी।श्री शिव कथा पाठ का शुभारंभ 25 जनवरी गुरुवार को श्री बगीचा नंबर 10 परिसर में सुबह 11 से दोपहर 4 बजे तक आयोजित हुआ। श्री राम कथा के अमृत प्रवचन जी महाराज के श्री मुख से प्रवाहित हुई। मंदिर को लाल पीले फुल मालाओं से श्रृंगारित मंदिर भगवा ध्वजा से सजाया गया।

## पत्नी को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ केस दर्ज किया। पिपलिया थाने पर शशि चोधरी ने शिकायत दर्ज कराई कि शराब के नशे में पति चन्द्रेश उर्फ जीतू ने गाली-गलौज की। शराब पीकर आने से मना किया तो मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।


कार्यालय नगर परिषद मनासा, जिला-नीमच

गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त नगरवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं



साथ ही यह अपेक्षा है कि- 1. नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान करें व पेनल्टी से बचें। 2. नलों में टोटियां अवश्य लगाएं, पानी व्यर्थन बहाएं। 3. 40 माईक्रोनगेन से कम आकार की प्लास्टिक थैलियों के उपायेग पर प्रतिबंध है। 4. स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत 5 से 14 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। 5. शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अश्यय उठाएं। 6. बिना अनुमति निर्माण कार्य नहीं करें तथा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें। 8. जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य कराएं।

केएल सुर्यवंशी
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद मनासा

श्रीमती सीमा अजय तिवारी
अध्यक्ष
नगर परिषद मनासा







****- बधाईकर्ता - ****

लोक निर्माण विभाग, मनासा

कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. मंदसौर

बैंक के अमानतदारों, कृषक सदस्यों एवं नागरिकों को

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मात्र भूमि की रक्षा के लिए वीरगति प्राप्त

समस्त वीर शहिदों को नमन

बैंक के ऋण एवं आकर्षक एवं अमानत योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी बैंक की नजदीकी शाखा में सम्पर्क करें।

* किसानों को रुपे डेबिट कार्ड के माध्यम से 0 प्रतिशत ब्याज पर सुलभ फसल ऋण। * बैंक की जिला मंदसौर एवं नीमच स्थित समस्त 35 शाखाएं ऑनलाईन कम्प्यूटरीकृत। * आरटीजीएस एवं नेफ्ट सुविधाएं उपलब्ध। * आसान ऋण सुविधा उपलब्ध। * अमानतों पर सर्वाधिक ब्याज। * बैंक की चयनित शाखाओं में न्यूनतम दरों में लॉकर सुविधा उपलब्ध।

************* बधाईकर्ता *************

ए.के. हरसौला
मुख्य कार्यपालन अधिकारी

दिलीप कुमार यादव
कलेक्टर एवं प्रशासक










---बधाईकर्ता---

उत्कृष्ट क्वालिटी के रेडिमेड वस्त्रो के विक्रेता

साजन-सजनी गारमेंटस

कालीदास मार्ग मंदसौर

कार्यालय नगर परिषद शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.)

समस्त नगरवासियों का गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर परिषद शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) द्वारा

हार्दिक अभिनंदन, शुभकामनाएं

साथ ही यह अपेक्षा है कि- 1. नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान करें व पेनल्टी से बचें। 2. नलों में टोटियां अवश्य लगाएं, पानी व्यर्थन बहाएं। 3. 40 माईक्रोनगेन से कम आकार की प्लास्टिक थैलियों के उपायेग पर प्रतिबंध है। 4. स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत 5 से 14 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। 5. शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अश्यय उठाएं। 6. बिना अनुमति निर्माण कार्य नहीं करें तथा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें। 8. जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य कराएं।




---बधाईकर्ता---

सुरेश यादव
मुख्य नपा अधिकारी
नगर परिषद, शामगढ़

डालीबाई रामगोपाल जोशी
उपाध्यक्ष
नगर परिषद, शामगढ़

कविता नरेन्द्र यादव
अध्यक्ष
नगर परिषद, शामगढ़


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
MASSEY FER
विकास के अमृत काल में संवैधानिक मूल्यों के साथ
रामराज्य की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा | सशक्त और आत्मनिर्भर नारी शक्ति | अंत्योदय उत्थान
समृद्ध होता अन्नदाता | सक्षम युवा | सुलभ और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं | सांस्कृतिक समृद्धि
75 वें गणतंत्र दिवस
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
"आइये, हम सब मिलकर मध्यप्रदेश को एक ऐसे गणतंत्र के रूप में लेकर आगे बढ़ें, जो सुराज, सुशासन सम्मत कार्यशैली और रामराज्य के आदर्शों का द्योतक हो, जिसमें सबका हित - सबका मंगल समाहित हो। शुभकामनाएं।"
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
D-11180/23
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

# जिले में समारोहपूर्वक मनाया 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

## निर्वाचन के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

**मनासा, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन की अध्यक्षता में 25 जनवरी 2024 को 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला पंचायत सभाकक्ष में वोट जैसा कुछ नही, वोट डालेगें हम थीम पर जिला स्तरीय मतदाता दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री दिनेश जैन, पुलिस अधीक्षक श्री अमितकुमार तौलानी, एडीएम सुश्री नेहा मीना, संयुक्ते कलेक्टर श्री राजेश शाह, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।



मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने निर्वाचन के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किये गये उत्कृष्टै कायों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर, सम्माअनित किया गया। उपस्थित नवीन मतदाताओं का सम्मान भी किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नही, वोट डालेगें हम थीम पर आधारित निबंध प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मामनित भी किया। इस अवसर पर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में योगदान देने उत्कृष्ट बीएलओं, सुपरवाईजर, कैम्पस एम्बेसेडर, जिले में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक श्री अमितकुमार तौलानी ने 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला पंचायत परिसर में उपस्थितजनों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। समारोह में तीनों विधानसभा क्षैत्र जावद, नीमच एंव मनासा के प्रतिकस्वरूप नवीन मतदाताओं, बीएलओ को एवं निर्वाचन के दौरान किये गये विभिन्न दायित्वों का सक्रीय एवं तत्पूरतापूर्वक निर्वहन करने प्रशिस्त पत्र प्रदान कर, सम्मानित किया गया। निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को भी प्रशिस्त पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.राजेश पाटीदार ने किया, तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्वस डॉ.ममता खेडे ने आभार माना। जिले में उपखण्ड स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर भी 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया है। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रिती संघवी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना व जिला अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्विलित किया। एसडीएम डॉ.ममता खेडे, तहसीलदार श्री प्रेम शंकर पटेल, एवं श्री संजय मालवीय, निर्वाचन सुपरवाईजर श्री अजय शुक्ला सहित विभिन्न अधिकारियो ने अतिथियों को मतदाता दिवस का बैज लगाकर स्वागत किया।

### नव मतदाता सम्मेलन सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मल्हारगढ़ ने नमो नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन सुनाया। जिला महामंत्री राजेश दीक्षित, मण्डल अध्यक्ष सामन्तसिंह, युवा मोर्चा महामंत्री चिन्टू शर्मा, मल्हारगढ़ भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष विजयवर्गीय, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अशोक गुर्जर, रविराज, राहुल पाटीदार आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने युवा मतदाताओं को सम्बोधित किया व मतदान का महत्व समझाया।

### शैक्षणिक भ्रमण कराया

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा. उमा गगरानी ने जानकारी दी कि महाविद्यालय में संचालित ईको क्लब एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन(एप्को) पर्यावरण विभाग म.प्र.शासन भोपाल द्वारा प्रायोजित प्रकृति भ्रमण परियोजना कार्य के अंतर्गत विज्ञान संकाय की 51 छात्राओं को कैक्टस गार्डन सैलाना, जिला रतलाम म.प्र. में शैक्षणिक भ्रमण हेतु ले जाया गया जहां उन्हें विभिन्न प्रकार की कैक्टस प्रजातियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं के साथ ईको क्लब प्रभारी डा.कविता बुन्देला, डा.राजश्री ठाकुर, सुश्री नौरीन कुरैशी, श्री शिवम रावल तथा श्री संजय परमार आदि भी मौजूद रहे।



जिला सहकारी बैंक मुख्य कार्यालय पर कल 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर जिला सहकारी बैंक के सीईओ ए.के. हरसोला और बैंक प्रशासक जिला कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ध्वजा रोहण करेंगे। गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर जिला सहकारी बैंक मुख्यालय पर बैंक कर्मियों ने आकर्षक रंगोली का निर्माण किया।

### ✻ उठावना ✻



स्व. श्री बिहारीलालजी, स्व. श्री बद्रीलालजी के अनुज व सीए राजेश व अजय मंडवारिया के पूज्य पिताजी व रुद्राक्ष के दादाजी श्री लक्ष्मीनारायणजी मंडवारिया का देवलोकगमन हो गया है जिनका उठावना आज दिनांक 26 जनवरी, शुक्रवार को दोप. 1 बजे पोरवाल छात्रावास, रामद्वारा के पास, रामटेकरी मंदसौर पर रखा गया है।

**शोक बैठक – निवास स्थान पर प्रतिदिन सायं 7 से 9 बजे तक रहेगी।**

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
समस्त मंडवारिया परिवार
बरडिया, रामपुरा, मंदसौर

कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.)
समस्त नगरवासियों का गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर
हार्दिक अभिनंदन, शुभकामनाएं



साथ ही यह अपेक्षा है कि- 1. नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान करें व पेनल्टी से बचें। 2. नलों में टोटियां अवश्य लगाएं, पानी व्यर्थन बहाएं। 3. 40 माईक्रोनगेन से कम आकार की प्लास्टिक थैलियों के उपायेग पर प्रतिबंध है। 4. स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत 5 से 14 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें।

---बधाईकर्ता---
प्रमोद जैन, मुख्य नपा अधिकारी, नप, नारायणगढ़
वीरेन्द्र रुपरा, उपाध्यक्ष, नप, नारायणगढ़
ममताकुंवर जयराजसिंह चौहान, अध्यक्ष, नप, नारायणगढ़

ग्राम पंचायत सेमलिया काजी की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





प्रहलाद वर्मा, सचिव
रामनिवास परिहार, सह सचिव
डॉ. भरतदास बैरागी, सरपंच प्रतिनिधि
पेमाबाई बैरागी, सरपंच

कार्यालय ग्राम पंचायत तरनोद, जनपद पंचायत सीतामऊ
गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

✻✻✻ नागरिकों से अपील ✻✻✻
स्वच्छता बनाए रखे, जल ही जीवन है व्यर्थ न बहावे, पंचायत के सभी करो का भुगतान समय पर करे, आर्दश नागरिक बने।





श्रीमती कौशल्याबाई गुप्ता, सचिव
शंकरसिंह सोलंकी, सह सचिव
प्रधानसिंह, उपसरपंच
दरबारसिंह मण्डलोई, सरपंच
एवं समस्त पंचगण, ग्रामवासी तरनोद, तह. सुवासरा, जिला मंदसौर

कार्यालय नगर परिषद पिपलियामंडी जिला मंदसौर (म.प्र.)
समस्त नगरवासियों का गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर परिषद पिपलियामंडी जिला मंदसौर (म.प्र.) द्वारा
हार्दिक अभिनंदन, शुभकामनाएं

साथ ही यह अपेक्षा है कि- 1. नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान करें व पेनल्टी से बचें। 2. नलों में टोटियां अवश्य लगाएं, पानी व्यर्थन बहाएं। 3. 40 माईक्रोनगेन से कम आकार की प्लास्टिक थैलियों के उपायेग पर प्रतिबंध है। 4. स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत 5 से 14 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। 5. शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अश्यय उठाएं। 6. बिना अनुमति निर्माण कार्य नहीं करें तथा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें। 8. जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य कराएं।

---बधाईकर्ता---



मुख्य नपा अधिकारी, नगर परिषद, पिपलियामंडी
भारतसिंह सोनिगरा, उपाध्यक्ष, नगर परिषद, पिपलियामंडी
श्रीमती इंद्रा सुनिल देवरिया, अध्यक्ष, नगर परिषद, पिपलियामंडी

कार्यालय नगर परिषद नगरी जिला मंदसौर (म.प्र.)
समस्त नगरवासियों का गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर परिषद नगरी जिला मंदसौर (म.प्र.) द्वारा
हार्दिक अभिनंदन, शुभकामनाएं

साथ ही यह अपेक्षा है कि- 1. नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान करें व पेनल्टी से बचें। 2. नलों में टोटियां अवश्य लगाएं, पानी व्यर्थन बहाएं। 3. 40 माईक्रोनगेन से कम आकार की प्लास्टिक थैलियों के उपायेग पर प्रतिबंध है। 4. स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत 5 से 14 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। 5. शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अश्यय उठाएं। 6. घर-घर तिरंगा लहराए 7. जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य कराएं।



धरमचंद जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद, नगरी
घनश्याम अटोलिया, उपाध्यक्ष, नगर परिषद, नगरी
संगीता घनश्याम धाकड़, अध्यक्ष, नगर परिषद, नगरी

गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर समस्त नागरिको को



हार्दिक शुभकामनाएं
:: बधाईकर्ता ::
गुप्ताजी समोसा
सहकारी बाजार रोड़, मंदसौर
प्रवीण गुप्ता
मनोज गुप्ता

कार्यालय नगर परिषद गरोठ, जिला मंदसौर (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस पर नगर के समस्त नागरिको का हार्दिक अभिनंदन



✻✻✻✻✻✻ अपील ✻✻✻✻✻✻
✻ नगर को सुंदर बनाने हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण करें। ✻ नगर की सफाई हेतु नगर परिषद को पूर्ण सहयोग करें, घरो का कचरा, डस्टबीन में इकट्ठा करें एवं कचरा वाहन आने पर उसमें डाले। ✻ जल ही जीवन है- जल की बूंद-बूंद बचावे। ✻ कोरोना वायरस से बचाव हेतु मास्क का उपयोग करें। ✻ नगर परिषद के कर समय-समय पर अदा करें। ✻ जन्म-मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन अवश्य करावें।

राजेश सेठिया, अध्यक्ष, नगर परिषद गरोठ
महेश मालवीय, उपाध्यक्ष, नगर परिषद गरोठ
वीरेन्द्र मेहता, मु.न.पा. अधिकारी, नगर परिषद गरोठ

पार्षदगण-श्रीमती सरोज पति धर्मेन्द्र शर्मा, श्रीमती हरियाबाई शंकरलाल ग्वाला, श्रीमती पूजा कमलेश गुर्जर, श्री राजू मगर, श्री अर्जुन बागरी, श्रीमती रेखा रविन्द्रपूरी गोस्वामी, श्री सतीश गुजराती, श्री राजेश चौधरी, श्रीमती कैलाशीबाई रामगोपाल ननेरा, श्रीमती गीताबाई कंवरलाल परिहार, श्री ललित चंदेल, श्रीमती संगीता ललित चंदेल, श्रीमती संगीता रामसिंह जादौन एवं स्टॉफगण नगर परिषद गरोठ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं






श्याम प्रजापत
सचिव, ग्राम पंचायत नाहरगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत तितरोद
जनपद पंचायत सीतामऊ
की ओर से गणतंत्र दिवस की
# हार्दिक शुभकामनाएं
*** नागरिकों से अपील ***
स्वच्छता बनाए रखे , जल ही जीवन है व्यर्थ न बहावे , पंचायत के सभी करो का भुगतान समय पर करे , आर्दश नागरिक बने।



नवीन कुमार पाण्डेय
सरपंच

चांदकुंवर पंवार
सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत खेड़ा
जनपद पंचायत सीतामऊ
की ओर से गणतंत्र दिवस की
# हार्दिक शुभकामनाएं
*** नागरिकों से अपील ***
स्वच्छता बनाए रखे , जल ही जीवन है व्यर्थ न बहावे , पंचायत के सभी करो का भुगतान समय पर करे , आर्दश नागरिक बने।

श्रीमती ललिता धीरज पटेल
उपसरपंच

संजय सोलंकी
सहा.सचिव

विनोदकुमार शर्मा
सचिव

एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी ग्राम पंचायत खेड़ा, जनपद पंचायत सीतामऊ, जिला-मंदसौर (मप्र.)



श्रीमती मंजू-राजेश पाटीदार
सरपंच

## कार्यालय ग्राम पंचायत मोरखेड़ा
जनपद पंचायत सीतामऊ
की ओर से गणतंत्र दिवस की
# हार्दिक शुभकामनाएं
*** नागरिकों से अपील ***
स्वच्छता बनाए रखे , जल ही जीवन है व्यर्थ न बहावे , पंचायत के सभी करो का भुगतान समय पर करे , आर्दश नागरिक बने।

दिलखुश रामसिंह जाट
सरपंच

रामलाल बड़गोती
सचिव

## कार्यालय नगर परिषद भानपुरा, जिला मंदसौर(म.प्र.)
26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2023 के राष्ट्रीय पर्व पर देशवासियों, जिले एवं नगर की समस्त जनता को
# हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
एवं वीर स्वतंत्राता संग्राम सेनानियों, वीर शहिदों को शत् - शत् नमन

****** नागरिकों से अपील ******
* नगर को सुंदर बनाने हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण करें।
* नगर में प्लास्टिक थैलियों का उपयोग पूर्ण रुप से प्रतिबंधित है।
* जल ही जीवन है, जल की बूंद-बूंद बचाएं
* नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान करें व पेनेल्टी से बचे।
* शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य उठावें।

विनोद शिव भानपिया
अध्यक्ष
नगर परिषद भानपुरा

श्रीमती रेहाना डॉ. जाकिर हुसैन
उपाध्यक्ष
नगर परिषद भानपुरा

मोहम्मद अशफाक
मु.न.पा. अधिकारी
नगर परिषद भानपुरा

एवं समस्त पार्षदगण व नगर पालिका कर्मचारी नगर परिषद भानपुरा

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त देशवासियों को
# हार्दिक शुभकामनाएं

विनस कम्प्युटर्स
कालाखेत, गौतम नगर

जगदीश टी डिपो
कालीदास मार्ग, मंदसौर

झंवर इंटरप्राईजेस
कालीदास मार्ग, मंदसौर

झंवर मेडिकोज
नयापुरा रोड मंदसौर

## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति दलौदा
सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रांगण, महू-नीमच रोड, जिला मंदसौर मप्र
गणतंत्र दिवस पर समस्त देशवासियों को
# हार्दिक शुभकामनाएं
********** अपील **********
समस्त कृषक बंधुओ से अनुरोध है कि * अपनी कृषि उपज साफ स्वच्छ कर मंडी प्रांगण में लावे ताकि उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सकें। * अपनी कृषि उपज का भुगतान उसी दिन प्राप्त करें। भुगतान प्राप्त नही होने की दशा में कार्यालय में शिकायत दर्ज करायें। * मंडी समिति दलौदा में 5/- रुपए प्रति थाली भोजन योजना संचालित है। अतः मंडी प्रांगण में आने वाले समस्त कृषक बंधु अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ प्राप्त करें। * समस्त व्यापारी बंधु, कृषण बंधु, हम्माल बंधु तथा तुलावटी बंधुओ से अनुरोध है कि मंडी के सफल संचालन में सहयोग प्रदान करें।

(एच.एल. मालवीय)
सचिव , कृषि उपज मंडी समिति दलौदा




-बधाईकर्ता-
# पटवारी संघ
मनासा, जिला-नीमच (म.प्र.)




***** बधाईकर्ता *****
# वन विभाग
मनासा, जिला-नीमच (म.प्र.)



राष्ट्रीय पर्व
गणतंत्र दिवस की
# हार्दिक शुभकामनाएं
****** बधाईकर्ता ******
प्रबंधक, मार्केटिंग सोसायटी मनासा




गणतंत्र दिवस की
# हार्दिक शुभकामनाएं
समस्त ग्रामवासी एवं पंचगण ग्राम पंचायत नलखेड़ा
मनासा, जिला नीमच (म.प्र.)

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त जिलेवासियों को
# हार्दिक शुभकामनाएं
:: बधाईकर्ता::
# रिंकू भूता
मन्दसौर

## ग्राम पंचायत निम्बोद
की ओर से गणतंत्र दिवस की
# हार्दिक शुभकामनाएं
*** नागरिकों से अपील ***
स्वच्छता बनाए रखे , जल ही जीवन है व्यर्थ न बहावे , पंचायत के सभी करो का भुगतान समय पर करे , आर्दश नागरिक बने।

कस्तुरीबाई पति हीरालाल कुमावत
सरपंच
ग्राम पंचायत निम्बोद

वीरेन्द्रसिंह देवड़ा
सचिव
ग्राम पंचायत निम्बोद

शेरसिंहजी
सहायक सचिव
ग्राम पंचायत निम्बोद

# स्वतंत्रता संग्राम में बोस का योगदान अतुलनीय, जयन्ती पर गोष्ठी सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जन्म जयंती पर स्थानीय विद्वता परिषद ने आर्य समाज भवन मे एक गोष्ठी आयोजित की, जिसमें विद्वानों ने सुभाषचन्द्र बोस के जीवन से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण वृतांत, दृष्टांत और संस्मरण साझा किये गए। अतिथि बालक हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य बीआर सिसौदिया ने कहा नेताजी को अंग्रेजों से बूट पॉलिश करवाना बहुत पसंद था। सुभाष बोस मेधावी छात्र थे, उन्होंने नौकरी छोड़कर अंग्रेजों की गुलामी को नकार दिया और आजादी के आंदोलन मे कूद पड़े। सिसौदिया ने नेताजी के तुलादान का प्रसंग सुनाकर सुनाते हुए कहा अमर शहीदों के स्मृति दिवस और जन्मजयंती पर ऐसे आयोजन होते रहना जरूरी है, ताकि नई पीढ़ी को प्रेरणा मिले। कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य उमाशंकर पाण्डे ने कहा की बोस भारतमाता के अमरवीर सपूत होकर अपना सबकुछ न्योछावर कर गए। पूर्व जिला स्वास्थ्य अधिकारी प्रदीप शर्मा ने कहा की सुभाषचंद्र बोस ने ही पहली रानी झांसी महिला रेजीमेंट बनाकर भारत की मातृशक्ति को आजादी के आंदोलन हेतु प्रेरित किया। परिषद के अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्राचार्य श्यामलाल बोराना ने कहा की विदेशों में रहकर नेताजी ने भारत में अपनी फौज तैयार की। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान दुनिया के बड़े बड़े दादा सुभाषचंद्र बोस को अपना बॉस मानते थे, बोराना आगे कहा की बोस के योगदान और उनके इतिहास को काफी हद तक छुपाया गया। वेदाचार्य श्री सत्येन्द्र आर्य ने कहा की बोस का जीवन प्रेरक है, उनकी देशभक्ति अद्वितीय है। शारदा पब्लिक स्कूल प्राचार्य ओमप्रकाश गेहलोत ने कहा नेताजी बहुआयामी व्यक्तित्व वाले विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। सदियों तक उनकी प्रासंगिकता बनी रहेगी। साहित्यकार पंकज शर्मा तरुण ने सुभाषचंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालती हुई रचना सुनाई साथ ही मधुर स्वर में कुछ दोहे भी सुनाकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर अंबालाल कारपेंटर, लक्ष्मीनारायण कराड़ा, बंशीलाल कारपेंटर ने भी बोस के जीवन पर आधारित कविताएं सुनाई। गोष्ठी का संचालन करते हुवे कवि पोरवाल मुकेश निडर ने कविता आजाद भारत मे आज जो उजास है, उत्साह है, उमंग है, उत्सव, उल्लास है.. जीने का ये जो अधिकार अपने पास है, उसकी वजह सिर्फ नेताजी सुभाष है.. सुनाकर खूब तालियां बटोरी। आभार परिषद के सदस्य, पत्रकार रमेश तेलकार ने माना। इस अवसर पर पत्रकार रामेश्वर फरक्या सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्रारंभ में अतिथिजनों ने बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पण कर एक स्वर मे सुभाषचंद्र का जयकारा लगाया।

## महिला को पीटा, देवर व सास पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** देवर व सास ने महिला को पीटा। नापाखेड़ा निवासी विधवा सदाबाई बागरी ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरा देवर गोपाल आया और बोला कि मोबाइल पर कहां बात कर रही है, कहते हुए गाली-गलौज की व मारपीट की लकडियों से पीटा मेरी सास देवुबाई भी आ गई और दोनों ने मुझे पीटा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया।










## श्री हरकचंद चौरड़िया महाविद्यालय, भानपुरा, जिला-मंदसौर

****** आवश्यकता ******

महाविद्यालय में निम्नलिखित विषयों के अध्यापन हेतु वर्ष 2024-25 के लिए सहायक प्राध्यापक पद पर कालेज कोड परिनियम 28 के अंतर्गत नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र विज्ञापन प्रसारण तिथि से सात दिवस के अंदर आमंत्रित है।

| क्रमांक | विषय | रिक्त पदों की संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 1 | |
| 2 | रसायन विज्ञान | 1 | |
| 3 | भौतिक विज्ञान | 1 | |
| 4 | वनस्पति विज्ञान | 1 | |
| 5 | जन्तु विज्ञान | 1 | |
| 6 | गणित | 1 | |
| 7 | राजनीति विज्ञान | 1 | |
| 8 | अर्थशास्त्र | 1 | |
| 9 | वाणिज्य | 3 | |
| 10 | कम्प्यूटर साईन्स | 1 | |

वेतन एवं योग्यता-यू.जी.सी. एवं उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन के निर्देशानुसार।

अध्यक्ष
श्री हरकचंद चौरड़िया महाविद्यालय भानपुरा, जिला-मंदसौर



























## कार्यालय नगर परिषद सीतामऊ जिला मंदसौर (म.प्र.)

समस्त नगरवासियों का गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर परिषद सीतामऊ जिला मंदसौर (म.प्र.) द्वारा

**हार्दिक अभिनंदन, शुभकामनाएं**

साथ ही यह अपेक्षा है कि

1. नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान करें व पेनल्टी से बचें। 2. नलों में टोटियां अवश्य लगाएं, पानी व्यर्थन बहाएं। 3. 40 माईक्रोनगेन से कम आकार की प्लास्टिक थैलियों के उपायेग पर प्रतिबंध है। 4. स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत 5 से 14 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। 5. शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। 6. बिना अनुमति निर्माण कार्य नहीं करें तथा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें। 8. जन्म–मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य कराएं।

---बधाईकर्ता---

मनोज शुक्ला
अध्यक्ष
नगर परिषद,सीतामऊ

जगजीवन शर्मा
मुख्य नपा अधिकारी
नगर परिषद,सीतामऊ

सुमित रावत
उपाध्यक्ष
नगर परिषद,सीतामऊ


# कलेक्टर आज ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी लेंगे

**नीमच, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में आज 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस समारोह परम्परांगत गरिमा एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय नीमच के शा.बा.उ.मा.वि.क्रं.-2 पर आयोजित होगा। जहां प्रात:9 बजे कलेक्टर श्री दिनेश जैन ध्वजारोहण कर, भव्य परेड की सलामी लेगें और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के गणंतत्र दिवस के संदेश का वाचन करेगें। समारोह मे विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट अधिकारियों कर्मचारियों को पुरस्कारों का वितरण भी किया जाएगा। जिले में गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी करली गई हैं। अपर कलेक्टर सुश्री नेहा मीना की उपस्थिति में बुधवार को शा.ब.उ.मा.वि.क्रं.-2 पर गणंतत्र दिवस 26 जनवरी 2024 की मार्च पास्ट परेड एवं पीटी प्रदर्शन का अंतिम पूर्वाभ्यास सम्पन्न हुआ।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं मे प्रात:8 बजें ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्य समारोह में कलेक्टर श्री दिनेश जैन प्रात:9 बजे ध्वजारोहण कर आयोजित भव्य परेड की सलामी लेगें तथा प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री जी के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेगें। परेड में सी.आर.पी.एफ. नीमच, सशस्त्र पुलिस बल,जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, वन विभाग और नगर सेना, की टुकडियां भी शामिल होगी। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक झांकिया भी निकाली जावेगी। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जावेगें। गणतंत्र दिवस पर विकास खण्ड, पंचायत एवं ग्राम स्तर पर भी ध्वजारोहण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें।


## संविधान यात्रा




30 जनवरी 24 को प्रात: 9 बजे गांधी चौराहे गांव बरथून से प्रारम्भ होकर भाटखेड़ी, परदा, खेलड़ी, कंजार्डा आदिवासी बहुत क्षेत्र में पहुंचकर समाप्त होगी।

आईये संविधान व गांधी विचार के इस कार्यक्रम में जुड़कर देश की मुख्य धारा में जुड़ने का प्रयास करते है।

*** निवेदक ***
गांधी 150
(गांधी विचार मंच, मनासा)
* कार्यक्रम संयोजक *
**महेश नंदवाना**
मो.–9425328528







गणतंत्र दिवस पर समस्त जिलेवासियो को
हार्दिक बधाईयां शुभकामनाएं

बधाईकर्ता
पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग
नीमच-मनासा






गणतंत्र दिवस पर समस्त जिलेवासियो को
हार्दिक बधाईयां शुभकामनाएं

********** शुभेच्छु **********
**ओघड़नाथ आश्रम**
अल्हेड़ रोड़ मनासा ,नीमच (म.प्र.)





गणतंत्र दिवस पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक-शुभकामनाएं

****- बधाईकर्ता - ****
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**मनासा, जिला-नीमच (म.प्र.)**



गणतंत्र दिवस पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक-शुभकामनाएं




****- बधाईकर्ता - ****
**एसडीओ, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, मनासा**



## कार्यालय कृषि उपज मंडी सीतामऊ जिला मंदसौर




गणतंत्र दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व पर नगर के समस्त नागरिकों को

एसडीएम एवं भारसाधक अधिकारी

रमेशचंद्र मुजावदिया
सचिव



गणतंत्र दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व पर नगर के समस्त नागरिकों को
**हार्दिक शुभकामनाएं**






----बधाईकर्ता----
**इशाक मो. नोड़ा**
समाजसेवी, लदुना, सीतामऊ



गणतंत्र दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व पर नगर के समस्त नागरिको को






**सुरेन्द्र व्यास**
व्यास सेल्स एंड सर्विस, सीतामऊ
वर्षो से सेवारत विश्वसनीय प्रतिष्ठान



दिव्य आभा और ज्योतिर्मय अलौकिक वातावरण में श्री तलाई वाले बालाजी मन्दिर शिखर पर स्वर्ण कलश आरोहण किया

# स्वर्ण कलश की शोभा यात्रा निकली

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** इतिहास के पृष्ठों में कुछ समय और प्रसंग स्वर्णिम अध्याय के रूप में जुड़ जाते हैं। ऐसी दिव्य आभा और ज्योतिर्मय वातावरण श्री बालाजी कृपा से ही निर्मित हुआ है। मुख्य शिखर पर स्वर्ण कलश आरोहण के बाद श्री तलाई वाले बालाजी का मंदिर दिव्य तीर्थ धाम हो गया है।

यह उदगार भानपुरा पीठ के पूज्य शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी श्री ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज ने व्यक्त किए। श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के शिखर पर पूर्ण विधि विधान से वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ स्वर्ण कलश आरोहण के समय अपने भाव व्यक्त करते हुए पूज्य शंकराचार्य जी ने आगे कहा कि किसी भी मंदिर पर शिखर का निर्माण और फिर उसे पर स्वर्ण कलश का आरोहण मंदिर की पूर्णता को प्रतिपादित करता है। स्वर्ण पवित्रता का प्रतीक है और शिखर उन्नति का तो श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर की कृपा से इस मंदसौर शहर की उन्नति भी पवित्रता के साथ उंच्चाइयों की तरफ अग्रसर हो यही आशीर्वाद भगवान श्री बालाजी से हम सब मांगते हैं।

आचार्य श्री रामानुज जी ने अपने भाव प्रकट करते हुए कहा कि यह विलक्षण और ऐतिहासिक प्रसंग है कभी ना भूलने वाले ये क्षण हैं। श्री तलाई वाले बालाजी महाराज की कृपा अपरंपार है और अब तो आपकी आकाशीय कृपा हम सब पर बरसेगी शिखर पर स्वर्ण कलश का आरोहण हम सभी की श्रद्धा के भावों का भी प्रतीक है। प्रभु श्री बालाजी की कृपा उत्तर वृद्धि के साथ हम सब पर बनी रहेगी अब इस बात में कोई संशय ही नहीं है। आचार्य हरेश भाई जोशी शास्त्री के भाव थे कि यह अद्भुत और अविस्मरणीय क्षण है जो श्री बालाजी के भक्त स्वर्ण कलश आरोहण के क्षणों के साक्षी बने हैं वह परम सौभाग्यशाली हैं। क्योंकि ऐसे अवसर जीवन में दोबारा नहीं आते। भगवान श्री बालाजी की अहेतुकी कृपा हम सब लोगों पर बनी रहेगी। अपने यज्ञ की वैज्ञानिक व्याख्या करते हुए बताया कि यज्ञ में संविदा और औषधीय की आवश्यकता पड़ती है जिसकी आहुतियां से जो अग्नि उत्पन्न होती है उसे ओजोन का स्तर मेंटेन रहता है यही कारण है कि हमारे देश में अत्यधिक गर्मी में भी लोगों की त्वचा सुरक्षित रहती है जबकि यूरोपीय देशों में लोग जब ग्रीष्म में घरों से बाहर निकलते हैं तो उन्हें अपने त्वचा पर लोशन लगाना पड़ता है। उन्होंने यज्ञ विधि की विवेचना करते हुए उदाहरण दिया की यज्ञ एक एलइडी की तरह है मंत्र रिमोट का काम करते हैं और आहुति सेल का काम करती है जिससे एलईडी चलती है।

यज्ञाचार्य पं.देवेंद्र शास्त्री द्वारा स्वर्ण कलश आरोहण की संपूर्ण वैदिक विधि संपन्न कराई गई। उनके साथ अन्य विद्वान ब्राह्मण आचार्य भी वैदिक मंत्र उच्चारण कर रहे थे। इस अवसर पर ध्वज दंड भी स्थापित किया गया। बहुत ही अद्भुत दृश्य था जब यज्ञशाला से सुबह के सत्र के यज्ञ विधान पूरा कर विधान पूरा कर एक जुलूस के रूप में सभी जजमान और यहां उपस्थित बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भगवान से तारे वाले बालाजी मंदिर तक पहुंचे ऐसा लग रहा था मानो इस तरह वाले बालाजी का मंदिर और दया मंदिर की यज्ञशाला का परिसर एकाकर हो गया था। श्रद्धा भक्ति और समर्पण का ऐसा अद्भुत संगम वास्तव में बहुत ही बिरला दिखाई दे रहा था। जैसी सबको कल्पना थी उससे भी कहीं अधिक दिव्य वातावरण स्वर्ण कलश आरोहण के पूर्व से ही बनने लगा था। जब यह जुलूस ताले वाले बालाजी मंदिर के नजदीक पहुंचा तो प्रत्येक श्रद्धालुओं के हृदय में यह आतुरता थी कि वह शिखर पर स्वर्ण कलश आरोहण होता हुआ देखें। पूरा परिसर और प्रांगण श्रद्धालुओं की भीड़ से पट गया था। स्वर्ण कलश आरोहण के दृश्य को कोतवाल के रूप में भी देखने के लिए सभी बहुत उत्सुक नजर आ रहे थे।इंदौर से आई विशेष क्रेन से जब स्वर्ण कलश को शिखर तक ले जाया जा रहा था तो नीचे उपस्थित हजारो जनमेदिनी ने श्री तलाई वाले बालाजी की जय जयकार के उद्घोष किये। स्वर्ण कलश के बाद क्रेन के ही माध्यम से पूज्य शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज आचार्य श्री रामानुज जी आचार्य श्री हरीश भाई जोशी शास्त्री वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी और अन्य भी जो यजमान निश्चित थे। वह क्रेन की मदद से शिखर तक पहुंचे। मुख्य शिखर के बाद नीचे के शिखर पर भी कलश आरोहित किए गए। इस संपूर्ण विधि के पश्चात सभी श्रद्धालु यजमान और यज्ञाचार्य व पूज्य संत गण विद्वत प्रवर पुन: यज्ञ शाला पहुंचे जहां यज्ञ की पूर्णाहुति की विधि संपन्न कराई गई। पूर्णाहुति के समय यज्ञशाला और आसपास का दृश्य बड़ा विहंगम था सैकडो श्रद्धालु यज्ञशाला की परिक्रमा भी निरंतर कर रहे थे। पूर्णाहुति के पश्चात माहेश्वरी धर्मशाला में विशाल भंडारा प्रसादी का शुभारंभ हुआ देर रात तक हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसादी का लाभ लिया।

## पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय के जन-भागीदारी अध्यक्ष माननीय श्री नरेश जी चंदवानी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर दिनांक 25 जनवरी 2024 को महाविद्यालय में मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ ग्रहण करवाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टॉफ, एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के श्री कुशाभाऊठाकरे प्रेक्षागृह में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा नव मतदाताओं को किये जाने वाले संबोधन के लाइव प्रसारण में भी महाविद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थीगण बड़ी संख्या मंद उपस्थित रहे।

## भारत पर्व पर होंगे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने बताया कि गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व आयोजित किया जायेगा। भारत पर्व में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा होंगे। भारत पर्व 26 जनवरी को सायंकाल 6 बजे से कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम शासकीय महाविद्यालय मंदसौर में आयोजित किया जायेगा। भारत पर्व में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती होगी। प्रसिद्ध राष्ट्रीय भजन गायक दिनेश कुमार धौलपुरे ग्राम झोंकर जिला शाजापुर के 10 सदस्य दल द्वारा राष्ट्रीय देशभक्ति गीत भजन कबीर गायन एवं पारंपरिक लोकगीत भजन की प्रस्तुति दी जाएगी।

# आदतन बदमाश की जमानत निरस्त, गिरफ्तारी वारंट जारी


**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** न्यायालय ने एक आरोपी को 20 हजार रूपए की जमानत पर इस शर्त के साथ रिहा करने का आदेश दिया था कि वह अब किसी अपराध को घटित नहीं करेगा। लेकिन, इसके बाद भी वह अपराध करता रहा। अब वायडी नगर पुलिस ने न्यायालय में जमानत निरस्ती के लिए दस्तावेज प्रस्तुत किए। जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी की जमानत निरस्त कर उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

वायडी नगर पुलिस ने बताया कि आरोपी नरेन्द्र पिता गोवर्धनलाल बावरी उम्र 24 साल निवासी ग्राम सौकड़ी थाना पिपलिया मंडी जिला मन्दसौर की द्वितीय अपर सत्र न्यायालय मंदसौर से जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही संपादित की। पुलिस ने धारा 394 भादवि मे आरोपी नरेन्द्र के खिलाफ केस दर्ज किया था। उक्त अपराध मे द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश मंदसौर द्वारा 17 जून 2021 को 20 हजार रूपये की जमानत पर पुन: अपराध गठित नही करने की शर्त पर रिहा किया था। आरोपी नरेन्द्र बावरी के द्वारा जमानत होने के बाद पुन: थाना मल्हारगढ़ में धारा 394, 341, 294, 34 भादवि का अपराध गठित किया गया। जो कि न्यायालय के द्वारा गंभीर अपराधो मे जमानत पर रिहा हुये आदेश की शर्तो के उल्लघंन की परिधि मे आता है। आरोपी की पूर्व मे थाना वायडीनगर के गंभीर के धारा 394 भादवि मे हुई जमानत को निरस्त कराने हेतु दस्तावेज द्वितीय अपर सत्र न्यायालय जितेन्द्र कुमार बाजोलिया के समक्ष प्रस्तुत किए। गुरुवार को निर्णय में न्यायालय ने 394 भादवि मे 17 जून 21 के जमानत आदेश की शर्तो का उल्लघंन पाने पर जमानत निरस्त की जाकर आरोपी का गिरफ्तारी वांरट जारी किया गया।

## संत लाभचन्द को दी समाधि

**पिपलियामंडी, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव चावली में संत लाभचन्द मेघवाल को समाधि दी गई। जानकारी के अनुसार देवरी रामदेव मंदिर के पुजारी लाभचन्द मेघवाल (चावली) का 80 वर्ष की आयु में गुरुवार को निधन हो गया। अंतिमयात्रा में किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द, सरपंच ईशु धनगर, पूर्व जनपद सदस्य बसन्तीलाल हेमार, रुघनाथ मेघवाल, संत लालूनाथ, बसन्ती पारसी व भगवानलाल गुराड़िया विजय, सरदारबाई लारनी सहित बड़ी संख्या में समाजजनों व गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।







स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in